वक्त के साथ
आगे बढ़ता ...

वर्द्धमान



- श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय
- भंवरलाल गोठी पब्लिक सी.सै. स्कूल
- वर्द्धमान इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग एण्ड मेकअप आर्टिस्ट
- वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल (वर्द्धमान रूट्स)
- श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ
- वर्द्धमान स्पोर्ट्स एकेडमी
- स्वरांजलि
- नृत्यांजलि

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति (रजि.)

(An I.S.O. 9001 : 2015 Certified) | (An I.S.O. 14001: 2015 Certified) | (An I.S.O. 21001: 2018 Certified) | (An I.S.O. 45001 : 2018 Certified)

नेहरू गेट बाहर, समीप कृष्णा कॉलोनी, ब्यावर-305901 (राज.)

परस्परोपग्रहोजीवानाम

नवकार मंत्र

परस्परोपग्रहोजीवानाम



णमो अरिहंताणं

णमो सिद्धाणं

णमो आयरियाणं

णमो उवज्झायाणं

णमो लोए सव्व साहूणं

एसो पंच णमोक्कारो, सव्व पाव प्पणासणो ।

मंगलाणं च सव्वेसिं, पढ़मं हवइ मंगलं ।।

पढमं नाणं तओ दया

यह आगम वचन बताता है कि
समग्र आचारों का मूल ज्ञान है







ज्ञान ही एक मात्र ऐसा अक्षय तत्व है जो कहीं भी,
कभी भी, किसी भी अवस्था में और किसी भी काल में
मनुष्य का साथ नहीं छोड़ता.।

मतिज्ञान

श्रुतज्ञान

अवधिज्ञान

मनःपर्यवज्ञान

केवलज्ञान

स्वरूप सम्यग्ज्ञान को मैं नमस्कार करता हूँ




वक्त के साथ आगे बढ़ता

वर्द्धमान

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति (रजि.)

नेहरू गेट बाहर, समीप कृष्णा कॉलोनी, ब्यावर-305901 (राज.)



मार्गदर्शक
डॉ. नरेन्द्र पारख

स्मारिका निर्देशक
डॉ. आर.सी.लोढ़ा

सामग्री प्रभार :
एस. एन. अग्रवाल 'बबलू'
अजय चौधरी
नेहा जैन
खुशबू भाटी
ईशान सांखला

ग्राफिक डिजाइनिंग
अशोक भाटी

मुद्रक :
वर्द्धमान प्रकाशन
नेहरू गेट बाहर,
ब्यावर (राज.)-305901

INDEX

अतीत से
अब तक का सफर







प्रगति के स्वर्णिम सोपान



नव अध्यक्ष एवं
कार्यकारिणी चुनाव प्रक्रिया



वर्द्धमान को मिला प्राइड इंडिया अवार्ड



लंदन में भारत गौरव सम्मान



स्वतंत्रता दिवस समारोह

समिति परिचय	009
प्रबंध कार्यकारिणी पदाधिकारी	011
प्रकाशन मण्डल	013
संस्कारवान शिक्षा उज्जवल भविष्य की दिशा (सुनील खेतपालिया)	015
प्रतिवेदन (डॉ. नरेन्द्र पारख)	016
Vardhman Shaping The Leaders of Tomorrow (Dr. R.C.Lodha)	019
श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति नव अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी चुनाव प्रक्रिया : 2025-2027	022
नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील खेतपालिया, मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख का अभिनंदन	023
अध्यक्ष सुनील खेतपालिया को लंदन में भारत गौरव सम्मान	030
वर्तमान को आगे बढ़ाता वर्द्धमान (सुरेन्द्र चतुर्वेदी)	031
मुमुक्षु चिंकी कावड़िया एवं मुमुक्षु आयुष कोठारी का बहुमान किया	033
गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम	035
पद्मश्री विभूषित सी.पी. देवल एवं ख्यातनाम साहित्यकारों से सजा वर्द्धमान सभागार	036
श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय	037
महाविद्यालय की शक्ति शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक संकाय सदस्य	038
महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता आज के समय की अनिवार्यता (डॉ. नीलम लोढा)	039
जिले की प्रथम एनसीसी गर्ल्स बटालियन यूनिट की स्थापना	041
स्वरांजलि-नृत्यांजलि समर कैम्प	045
वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज में खनके डांडिया	048
रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला	049
वक्त के साथ आगे बढ़ता वर्द्धमान (मदन वैष्णव 'शकुंत')	051
कम्प्यूटर, गृह विज्ञान प्रयोगशाला व योग कक्ष	053
वार्षिकोत्सव 2023 जिंदा शहीद मनिंदरजीत सिंह बिट्टा, मॉडल विप्रा मेहता	057
मातृभूमि की प्रतिभाओं की उड़ान में पंख लगा सकूं : कमलेश मेहता	058
वर्द्धमान महाविद्यालय में तालेड़ा कैफेटेरिया का उद्घाटन	061
अत्याधुनिक बोहरा कम्पयूटर लेब का भव्य उद्घाटन	063
भामाशाह रांका एवं बोहरा परिवार का बहुमान	065
Bhanwar Lal Gothi Public Sr. Sec. School, BEAWAR	067
Never See what has been done.... (Dharmendra Sharma)	069
A vision...	070
भामाशाहों का सम्मान एवं भामाशाह परिवाजनों द्वारा भव्य उद्घाटन	073
ज्ञानार्थ प्रवेश : सेवार्थ प्रस्थान की युक्ति को सार्थक किया वर्द्धमान ने (विजेन्द्र प्रजापति)	081
Vardhman International School	083
Where Strong Roots Creats a Brighter Future (Shweta Nahar)	085
Academic & Other Staff Member	087
वर्द्धमान रूट्स में एस.एस. रांका विंग का उद्घाटन	089
वर्द्धमान रूट्स में ग्रैंड गरबा सेलिब्रेशन	091
वर्द्धमान फन फेयर में बच्चों संग पेरेंट्स ने किया एंजॉय	092
वर्द्धमान सैफरॉन फन फिएस्टा फेयर	093
कौशल विकास (वर्द्धमान फैशन डिजाईनिंग एण्ड मैकअप आर्टिस्ट)	095
फैशन डिजाइनिंग	097
रैम्प पर उतरा फैशन का जलवा	099
SHREE NARSINGH AGRASEN JAIN VIDYAPEETH	101
A Commitment to Holistic Education (Dr.Nivedita Pathak)	103
Ministrial Staff, Academic Staff & Other Staff Members	105
नाज़ गरबा रास में दादी-मम्मी संग थिरके बच्चों के कदम	107
नाज विजयदशमी पर्व	109



1992

अतीत से अब तक का सफर



2025

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति (रजि.),ब्यावर

क्र.स.	वर्ष	अध्यक्ष	मंत्री	कोषाध्यक्ष
1.	1992–1993	श्री पारसमल जी कांस्टिया	श्री आतमचंद जी चौपड़ा	श्री पन्नालाल जी श्रीश्रीमाल
2.	1994–1995	श्री पारसमल जी कांस्टिया	श्री के.सी. डोसी जी	श्री पन्नालाल जी श्रीश्रीमाल
3.	1995–2000	श्री पारसमल जी कांस्टिया	श्री विजय कुमार जी सिंघवी	श्री पन्नालाल जी श्रीश्रीमाल
4.	2000–2002	श्री पारसमल जी कांस्टिया	श्री राजेश जी जैन	श्री उत्तमचंद जी मोदी
5.	2002–2005	श्री पारसमल जी कांस्टिया	श्री विजयकुमार जी सिंघवी	श्री पन्नालाल जी श्रीश्रीमाल
6.	2005–2008	श्री पारसमल जी कांस्टिया	श्री सम्पतराज जी छल्लाणी	श्री पन्नालाल जी श्रीश्रीमाल
7.	2008–2009	श्री उगमराज जी मेहता	श्री सम्पतराज जी छल्लाणी	श्री पन्नालाल जी श्रीश्रीमाल
8.	2009–2011	श्री उगमराज जी मेहता	श्री राजेश जी जैन	श्री पन्नालाल जी श्रीश्रीमाल
9.	2011–2014	श्री के.सी. डोसी जी	डॉ. नरेन्द्र जी पारख	श्री रमेशचन्द जी मेड़तवाल
10.	2014–2015	श्री शांतिलाल जी गदिया (कार्यवाहक)	डॉ. नरेन्द्र जी पारख	श्री रमेशचन्द जी मेड़तवाल
11.	2015–2017	श्री पारसमल जी कांस्टिया	डॉ. नरेन्द्र जी पारख	श्री रमेशचन्द जी मेड़तवाल
12.	2017–2021	श्री जंवरीलाल जी शिशोदिया	डॉ. नरेन्द्र जी पारख	श्री रमेशचन्द जी मेड़तवाल
13.	2021–2025	श्री शांतिलाल जी नाबरिया	डॉ. नरेन्द्र जी पारख	श्री रमेशचन्द जी मेड़तवाल
14.	2025–2027	श्री सुनील जी खेतपालिया	डॉ. नरेन्द्र जी पारख	श्री देवराज जी लोढ़ा



भू-अर्चना एवं शिलान्यास
22 नवम्बर 1992



उद्घाटन
3 अगस्त 1995

समय और शिक्षा का सही उपयोग ही इंसान को सफल बनाता है।

समिति परिचय

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति (रजि.) ब्यावर के प्रगति पथ का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए अति हर्ष का अनुभव हो रहा है। ब्यावर जिले में संस्कारयुक्त शिक्षा के प्रसार हेतु, समाज के अग्रणी प्रबुद्धजनों की आदर्श परिकल्पना की परिणति स्वरूप 1992 में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति की स्थापना की गई। समिति राजस्थान सरकार की पंजीकरण संस्था अधिनियम के अंतर्गत जनवरी 1992 में पंजीकृत है। 1995 में इसकी प्रथम इकाई के रूप में श्री वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय की स्थापना की गई जो विभिन्न चरणों में कई उपलब्धियों को समाहित करते हुये आज प्रदेश के प्रतिष्ठित कन्या पी.जी. महाविद्यालय के रूप में प्रतिस्थापित है। स्नातक कक्षाओं से आरम्भ हुआ यह कन्या महाविद्यालय अब स्नात्तकोत्तर, फैशन डिजाइनिंग, मेकअप आर्टिस्ट, वेब डिजाइनिंग एव अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को संचालित कर बालिकाओं हेतु कौशल विकास के नये मार्ग खोज रहा है।

शिक्षा का ज्योर्तिदीप प्रज्वलित करने के उद्देश्य से 1997 में समिति की दूसरी इकाई के रूप में भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल की स्थापना की गई। समिति द्वारा अभावग्रस्त मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां उपलब्ध कराई जाती है, साथ ही प्रतिवर्ष वार्षिक उत्सव के अवसर पर विद्यालय के सर्वोच्च अंक हासिल करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए जाते है।

समिति द्वारा शिक्षा एवं चरित्र विकास के क्षेत्र में स्थायी कार्यों हेतु अनुदान के साथ, अल्पसंख्यक योजनाओं को उपलब्ध कराने एवं स्वधर्मी बंधुओं में जनजागृति हेतु जन चेतना कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते है, शैक्षणिक प्रवृत्ति के संवर्धन हेतु उत्कृष्ट व स्वच्छ लेखन के प्रोत्साहन हेतु सेमिनार, कार्यशाला का आयोजन भी किया जाता है। स्वच्छ सुरम्य परिसर, पर्याप्त सी.सी.टीवी कैमरे व अग्निशमन यंत्र युक्त भव्य भवन, समृद्ध प्रयोगशालाएँ, सुसज्जित सुसम्पन्न पुस्तकालय, व्यावहारिक नैतिक शिक्षण, संस्कारिता, अनुशासन, उन्नत शिक्षा परिणाम, समर्पण भाव एवं कर्तव्य निष्ठापूर्ण शिक्षा, कम्प्यूटर शिक्षा, विज्ञान मेला, खेलकूद सप्ताह आदि यहां की विशेषताएँ है। खेलकूद संवर्धन एवं खिलाड़ियों की प्रतिभा निखार हेतु पृथक से आधुनिक सुसज्जित वर्द्धमान स्पोर्टस एकेडमी भी परिसर में उपलब्ध है।

समिति उद्देश्यों के क्रियान्वयन तथा शिक्षण ईकाइयों के कुशल संचालन हेतु महाविद्यालय परिसर में समिति का सुसज्जित प्रशासनिक कार्यालय एवं भव्य सभा कक्ष भी उपलब्ध है। समिति के अधीन शिक्षण इकाईयों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व कुशल संचालन के परिणामस्वरूप अंतर्राष्ट्रीय मानक संस्था द्वारा ISO 9001: 2015, ISO14001:2015 प्रमाणित, ISO21001:2018, ISO45001:2018 एवं इंटरनेशनल एक्रिडेशन ऑर्गेनाइजेशन प्रमाणित एवं अन्तर्राष्ट्रीय क्वालिटी मैनेजमेन्ट काउंसिल द्वारा ग्रेड+ प्रमाणित संस्थान का दर्जा प्राप्त है।

शिक्षण इकाईयों में स्वच्छता एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखा जाता है, अनुभवी व प्रशिक्षित संकाय सदस्यों द्वारा शिक्षा प्रदान की जाती है, जिससे कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त होते रहे। निरन्तर नये प्रकल्पों पर विचार करते हुए समिति समय-समय पर आवश्यक निर्णय लेती रहती है जिससे शिक्षण इकाईयां प्रगति पथ पर निर्बाध अग्रसर होती रहे। समिति के सफल संचालन हेतु समाज के गणमान्य मूर्धन्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन एवं आर्थिक सहयोग सुलभ रहता है, इस हेतु हम आभार प्रदर्शित करते हैं।

आशा है, भविष्य में भी आप सबका सहयोग पूर्ववत प्राप्त होता रहेगा तथा आपको विश्वास दिलाते है कि हम संस्था के प्रगति मार्ग को प्रशस्त करने हेतु कटिबद्धता के साथ जुटे रहेंगे।

-वर्द्धमान परिवार

स्थापना : 1992
श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति

प्रथम इकाई : 1995
श्री वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय
(वर्तमान में सभी संकाय की पी.जी. कक्षाओं तक का सफल संचालन)

द्वितीय इकाई : 1997
भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल
(सीबीएसई से मान्यता प्राप्त, कक्षा 12 तक सभी संकायों में अध्ययन)

तृतीय इकाई : 2018
वर्द्धमान स्पोर्ट्स एकेडमी
(खेल कौशल हेतु संचालित एकेडमी)

चतुर्थ इकाई : 2020
वर्द्धमान इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग एण्ड मेकअप आर्टिस्ट
(फैशन डिजाइनिंग, वेब डिजाइनिंग, मेकअप आर्टिस्ट, आदि कक्षाएं)

पंचम् इकाई : 2021
वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल (वर्द्धमान रूट्स)
(प्ले ग्रुप से एचकेजी क्लासेज)

षष्ठम् इकाई : 2022 (संचालन)
श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ
(वर्षों से संचालित शहर का प्रतिष्ठित विद्यालय जिसका वर्द्धमान शिक्षण समिति में विलय हुआ और अब समिति की देखरेख में संचालित है)

सप्तम इकाई : 2024
स्वरांजलि
(गीत-संगीत प्रशिक्षण क्लासेज)

अष्टम इकाई : 2024
नृत्यांजलि
(डांस, जुंबा, योगा, ऐरोबिक्स क्लासेज)

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति – ब्यावर (रजि.)

(An I.S.O. 9001 : 2015 Certified) | (An I.S.O. 14001 : 2015 Certified) | (An I.S.O. 21001 : 2018 Certified) | (An I.S.O. 45001 : 2018 Certified)

प्रबंध कार्यकारिणी पदाधिकारी (2025-2027)



श्री सुनील खेतपालिया
अध्यक्ष



श्री सज्जनराज लूकड़,बैंगलोर
वरिष्ठ उपाध्यक्ष



श्री एम. गौतमचन्द बोहरा
उपाध्यक्ष-प्रथम



श्री ज्ञानचन्द बिनायकिया
उपाध्यक्ष-द्वितीय



डॉ. नरेन्द्र पारख
मंत्री



श्री सुनील कुमार ओस्तवाल
सहमंत्री



श्री देवराज लोढ़ा
कोषाध्यक्ष



श्री महेन्द्रसिंह साँखला
प्रचार मंत्री

प्रबंधकारिणी सदस्य (2025-2027)

- श्री मोहनराज सिंगी
- श्री डी. गौतमचन्द बोहरा
- श्री सुरेशचन्द सुतलिया
- श्री भंवरलाल खिंवसरा
- श्री राजेन्द्र कुमार कांकरिया
- श्री गौतमचन्द गोखरू
- श्री मिलापचन्द बुरड़
- श्री किस्तूरचन्द डोसी
- श्री शांतिलाल नाबरिया
- श्री प्रकाशचंद गदिया
- श्री दुलराज मकाणा
- श्री रमेशचंद मेड़तवाल
- श्री प्रवीण कुमार खेतपालिया
- श्री उत्तमचंद देरासरिया
- श्री आशीषपाल पदावत
- श्री अरविन्द मूथा
- श्री दीपचंद कोठारी
- श्री पारस ओस्तवाल
- श्री गौतमचंद बिनायकिया
- श्री के. राकेश रांका
- श्री दीपचन्द लुणिया
- श्री पदमचंद कांकरिया
- श्री श्रेयांश बड़ोला

संचालित संस्था एवं स्थापना वर्ष

श्री वर्द्धमान कन्या पी. जी. महाविद्यालय, ब्यावर
स्थापना - जुलाई 1995

भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकेण्ड्री स्कूल, ब्यावर
स्थापना - जुलाई 1997

वर्द्धमान स्पोर्ट्स एकेडमी, ब्यावर
स्थापना - मई 2018

वर्द्धमान इन्स्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाईनिंग एण्ड मेकअप आर्टिस्ट
स्थापना - अक्टूबर 2020

वर्द्धमान इन्टरनेशनल स्कूल, ब्यावर
स्थापना - अप्रेल 2021

श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ, ब्यावर
संचालन - जुलाई 2022

स्वरांजलि-2024 नृत्यांजलि-2024

प्रकाशन मण्डल



एस.एन. अग्रवाल 'बबलू'
वर्द्धमान जनसम्पर्क एवं मीडिया प्रभारी



नेहा जैन
समिति कार्यालय प्रबंधिका



खुशबू भाटी
समिति कार्यालय, विज्ञापन सहप्रभारी



ईशान सांखला
समिति कार्यालय



अजय चौधरी
आईटी एवं विज्ञापन प्रभारी



राहुल मौर्य
छायाकार एवं एडीटर



श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख के साथ समिति के कार्यालय कर्मी

वर्तमान युग में शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण और सामाजिक चेतना का सशक्त माध्यम बन चुकी है। सार्थक शिक्षा वही है जो रचनात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और नवाचार को विकसित करे। आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में शिक्षा व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक एवं नैतिक रूप से सशक्त बनाती है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति और सामाजिक समरसता की आधारशिला शिक्षा ही है। विशेष रूप से नारी शिक्षा समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करती है। इसी विश्वास के साथ शिक्षण संस्थाएँ गुणवत्तापूर्ण एवं मूल्य आधारित शिक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

संस्कारवान शिक्षा : उज्जवल भविष्य की दिशा



सुनील खेतपालिया

अध्यक्ष

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति, ब्यावर

वर्तमान युग में शिक्षा केवल जानकारी प्राप्त करने का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक चेतना और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास का आधार बन चुकी है। आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में वही शिक्षा सार्थक है जो रचनात्मक सोच, नवाचार और नैतिक मूल्यों को विकसित करे तथा व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाए। शिक्षा के माध्यम से न केवल व्यक्ति में, बल्कि सम्पूर्ण समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

शिक्षा किसी भी राष्ट्र की प्रगति का मूल स्तम्भ है। सामाजिक समरसता, आर्थिक सुदृढ़ता एवं सांस्कृतिक चेतना का विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। इसी विश्वास को आधार बनाकर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ने वर्ष 1995 से बालिका शिक्षा एवं महिला सशक्तीकरण को अपने कार्यों का केंद्र बनाया है। हमारा उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर, संस्कारवान एवं जागरूक नागरिकों का निर्माण करना है। नारी शिक्षा का महत्व इसीलिए और अधिक बढ़ जाता है क्योंकि नारी केवल परिवार की धुरी ही नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी की निर्माता भी है। संस्कार, मूल्य और सामाजिक चेतना के बीज वही बोती है। इसी उद्देश्य से समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाएँ गुणवत्तापूर्ण, व्यावहारिक एवं कौशल आधारित शिक्षा प्रदान कर रही हैं। श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय, भंवरलाल गोठी सी. सै. स्कूल, श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ तथा वर्द्धमान इंटरनेशनल (वर्द्धमान रूट्स) स्कूल इसी संकल्प के प्रतीक हैं।

मुझे गर्व है कि हमारे साथ अनुभवी, समर्पित एवं नवाचारी शिक्षकों की टीम है, जिनके अथक प्रयासों से संस्थाएँ निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या में निरंतर वृद्धि, उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम तथा खेलकूद एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों में उपलब्धियाँ हमारी प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती हैं।

आज शिक्षा प्रणाली अनेक चुनौतियों से गुजर रही है, जहाँ पारंपरिक पाठ्यक्रम सीमाएँ बन रहे हैं। ऐसे समय में हम इन चुनौतियों को अवसर में बदलते हुए आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, तकनीक एवं मूल्य आधारित शिक्षा को अपनाने के लिए संकल्पित हैं।

श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय एवं भंवरलाल गोठी पब्लिक सी. सै.स्कूल के वार्षिक उत्सव पर सम्पूर्ण वर्द्धमान परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। हमारा विश्वास है कि शिक्षा के माध्यम से व्यक्तित्व का निर्माण और राष्ट्र का नवसृजन अवश्य संभव है।



प्रतिवेदन

डॉ. नरेन्द्र पारख

मंत्री

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति, ब्यावर

सादर जय जिनेन्द्र!

किसी ने सच ही कहा है कि 'जीवन की सफलता का मापदण्ड सिर्फ धनार्जन नहीं है उस धन सम्पदा का हम समाज के लिए क्या सदुपयोग करते है, कितने लोगो के जीवन में परिवर्तन ला सकते है और जिस भूमि पर हमने जन्म लिया है उसे वापिस क्या देकर जाते है, वही जीवन की सफलता का सच्चा मापदण्ड है।' समाज को कुछ अर्पित करने का ऐसा ही एक श्रेष्ठ अवसर हमें श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ने दिया है।

इसकी सफलता एवं लोकप्रियता में वर्द्धमान परिवार के सदस्यों के समर्पण तथा भामाशाहों की उदारता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिन्होंने यहाँ की सुविधाओं को आधुनिक व समृद्ध बनाया है। इन लक्ष्मीपुत्रों, दानवीरों की करूणा व वात्सल्यता के कारण अनेक निर्माण कार्य सम्भव हो सके हैं, समिति की ओर से मैं सभी दानदाताओं, भामाशाहों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

बन्धुओं! ज्ञान का ज्योतिदीप प्रज्ज्वलित कर, गुणवक्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की मंशा से स्थापित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय एवं भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल, श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ एवं वर्द्धमान इन्टरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों की शैक्षणिक उन्नति के साथ-साथ संस्कार निर्माण, नैतिक उत्थान, आध्यात्मिक उन्नयन, चारित्रिक विकास, सम्यक जीवन, शुद्ध विचार, सेवाभावना की दृष्टि से सभ्य, सुशिक्षित एवं जिम्मेदार युवा पीढ़ी का निर्माण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यहां का सुरम्य शैक्षणिक वातावरण एवं विद्यार्थियों व शिक्षकों के आत्मीय संबंध, शिक्षा मंदिर की आन्तरिक विशेषता है, इसी कारण अध्ययनरत् विद्यार्थी पारिवारिक अपनत्व की सुखद अनुभूति करते हैं। यहां जीवन के सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं क्रियात्मक पक्ष को निखारने के लिए विशिष्ट गतिविधियां नियमित रूप से संचालित की जाती हैं।

श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय वृहद क्षेत्र का विशिष्ट उच्च शिक्षा केन्द्र है, जहां छात्राओं को योग्यताधारी एवं प्रशिक्षित प्राध्यापकों द्वारा शिक्षण कराया जाता है, महाविद्यालय का उद्देश्य महिला शिक्षा को प्रोत्साहित करना है यहां सभी छात्राओं को एक समान शिक्षा प्रदान की जाती है। निर्धन छात्राओं के लिए शुल्क मुक्ति एवं छात्रवृत्ति की व्यवस्था भी उपलब्ध है।

महाविद्यालय, आधुनिक विश्वस्तरीय भौतिक एवं शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में उन्मुख है। निरन्तर बढ़ रही छात्राओं की संख्या महाविद्यालय की उन्नति का प्रतिबिम्ब है। विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, जयपुर की सम्बद्धता में प्रारम्भ फैशन डिजाईनिंग एवं मेकअप-आर्टिस्ट डिप्लोमा कोर्सेज में छात्राओं की उल्लेखनीय अभिरूचि एवं शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम भी इसके उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है।

स्टार्ट अप के गुण सिखाने और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से हमारा ध्येय 'लर्न और अर्न' मन्त्र के आधार पर आगे बढ़ाते हुए महिला सशक्तिकरण और छात्राओं की शिक्षा के लिए आये दिन नवीन अभिगम अपनाना है-वर्तमान में वर्द्धमान ग्रुप के संस्थान क्वालिटी एज्युकेशन के साथ-साथ स्किल आधारित शिक्षा प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

जैसा कि विदित है कि शिक्षण इकाईयों में विद्यार्थियो के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास को प्रमुखता प्रदान की जाती है। अवकाश काल में ई-एज्यूकेशन के तहत् ऑनलाईन लर्निग विडियोज, स्टेडी मटेरियल्स, ई-क्लासों का कुशलता पूर्वक संचालन, तनावरहित पेरेटिंग टिप्स, काऊंसलिंग, स्किलबेस कॉर्सेज इत्यादि इकाईयों की शैक्षणिक ऊचाईयो को प्रतिबिम्बित करते हैं।

महाविद्यालय में विशेषकर रचनात्मक प्रवृत्तियों को निरन्तर विकसित किया जाता है-सोफ्ट स्किल जैसे वार्तालाप हुनर, समय प्रबन्धन, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क, दूरगामी सोच और विश्लेषणात्मक क्षमता एवं पारस्परिक कौशल में अभिवृद्धि हेतु नियमित कार्यक्रम संचालित किए जाते है। इस वर्ष भी विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम के अलावा सी.ए., सी.पी.टी., सी.एस. से संबंधित शैक्षणिक सेमिनार, करियर एवं अन्य प्रतिस्पद्धाओं के मार्गदर्शन हेतु विभिन्न गोष्ठियां आयोजित की गयी, जो छात्राओं के विकास के लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हुई है।

भंवरलाल गोठी पब्लिक सी. सै. स्कूल के विद्यार्थियों ने जहां क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ परिणाम अर्जित कर शिक्षा जगत में अपना दबदबा निरन्तर कायम रखा है, वही खेलकूद की राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओ में अव्वलता हासिल कर ब्यावर जिले को गौरवान्वित किया है।

अच्छी किताबें और अच्छे लोग तुरंत समझ में नहीं आते, उन्हें पढ़ना पड़ता है।

शैक्षिक नवाचारों और संस्कारो की नर्सरी 'वर्द्धमान इन्टरनेशनल स्कूल' एवं 'श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ' जहां आदर्श नागरिको की पौध तैयार की जाती है और यही पौध भविष्य में विशाल वटवृक्ष बनकर राष्ट्र की चुनौतियों की धूप में शीतल छांव प्रदान करते हैं।

यहां संचालित वर्द्धमान स्पोर्ट्स एकेडमी, टेनिस, बैडमिंटन, चैस, हेण्डबॉल, जूड़ो आदि खेलो की सुंदरत्तम व्यवस्थाओं के साथ ब्यावर के समग्र विद्यार्थी खिलाड़ियों के लिए उत्कृष्ट अवसर प्रदान कर रही है।

विभिन्न अवसरों पर आमंत्रित विद्वानों, चिंतकों, प्रशासनिक न्यायिक अधिकारियों व शिक्षाविदों के द्वारा छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शित किया जाना एवं वार्षिक उत्सवों व अन्य अवसरों पर विभिन्न मूर्धन्य, ख्याति प्राप्त, प्रेरक व्यक्तित्वों द्वारा आतिथ्य स्वीकार कर, शोभा बढाने से हमारा गौरव अभिवृद्धित हुआ है।

इस सत्र मानवाधिकार आयोग राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष,पूर्व लोकायुक्त,कर्नाटक एवं मद्रास हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधिपति,राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग के पूर्व चेयरमैन जस्टिस एन.के. जैन, राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के स्टेट चीफकमिश्नर और पूर्व मुख्य सचिव राजस्थान सरकार श्री निरंजन आर्य, राजस्थान लोक सेवा आयोग की सदस्य डॉ. संगीता आर्य, साउथ एशियन टाइम्स, यू.एस.ए. के चेयरमेन श्री कमलेश मेहता, शिक्षा मन्त्रालय भारत सरकार के इनोवेशन सेल के सहायक निदेशक दीपेन साहू, मिस यूनिवर्सल ग्रेंड विप्रा मेहता, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, यूपीएससी चयनित पूर्व छात्रा रूपाली सुराणा आदि का मार्गदर्शन एवं सानिध्य प्रमुखत: प्राप्त हुआ।

बंधुओ! महाविद्यालय के जरूरतमंद मेधावी छात्राओं को इस वर्ष लगभग 5,08,000/- रू. राशि तथा विद्यालय के मेधावी जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को लगभग 7,25,000/- रू. की राशि का शिक्षण शुल्क में सहयोग प्रदान किया गया है।

अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त होने से हमें हमारे जैन धर्म के प्रचार प्रसार का भी समुचित अवसर प्राप्त हुआ है। परम्परागत सभी जैन साधु संतों के प्रवचनों के साथ-साथ, पर्युषण, दस लक्षण महापर्व पर जैन-सिद्धान्त-कार्यशाला, करूणा क्लब द्वारा नियमित शाकाहार-प्रसार कार्यक्रम तथा महावीर जन्म कल्याणक के पावन पर्व पर, सकल जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित शोभायात्रा में आकर्षक झाँकियों एवं बैण्ड का उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रतिवर्ष किया जाता रहा है, साथ ही जैन छात्र-छात्राओं को अल्पसंख्यक छात्रवृत्तियों एवं अन्य योजनाओं से लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहन के लिए पृथक से प्रकोष्ठ सेवारत है।

बन्धुओं! हमारी विकास यात्रा निर्बाध जारी रहे, इसके लिए हमें सकारात्मक सोच को अधिक सुदृढ़ बनाना होगा। यह अवसर है कि संगठित होकर, संस्था हित को सर्वोपरि मानते हुए, हम इसके उज्ज्वल भविष्य के निर्धारण हेतु पुन: प्रतिबद्ध हो।

मुझे विश्वास है कि हम सब, साथ-साथ आने वाले अनगिनत सालों तक शिक्षा के क्षेत्र में अविरत कार्य करते रहेंगे तथा इस यज्ञ आहूति में अपने व्यक्तिगत विचार, भाव, अभाव कभी हावी नहीं होने देंगे।

आइये! हम सामूहिक रूप से, रचनात्मक भूमिका का निर्वहन करते हुए, संस्था व समाज को नवीन स्वरूप प्रदान करने हेतु कृतसंकल्पित हो, कर्तव्यपथ हमें पुकार रहा है... संस्थानों को स्वावलम्बी एवं आर्थिक सुदृढ़ता प्रदान करने हेतु आप सबके संरक्षण की निरन्तर आवश्यकता है।

कई बार संतोष की आड़ में अपनी अकर्मण्यता को हम छिपा लेते हैं, तो कई बार प्रयत्न ना करना ही संतोष समझ लिया जाता है, जबकि प्रयत्न करने अथवा पुरूषार्थ करने में हमें असंतोषी रहना है, प्रयास की अंतिम सीमाओं तक हमें जाना है .... एक क्षण के लिए भी अपने लक्ष्य को नहीं भूलना है।

डर कहता है यह असंभव है,
अनुभव कहता है यह जोखिम भरा है।
तर्क कहता है यह कठिन है,
परन्तु साहस कहता है ....
एक बार प्रयास तो कीजिए,
सब कुछ संभव है ... !!!

जैसा कि आप जानते हैं-
हजारो मील की यात्रा की शुरूआत भी पहले एक कदम से ही होती है।

बन्धुओ! मजबूत एवं जीवंत देश की नींव रखने में शिक्षा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मजबूत परिवारों और समाज के निर्माण में शिक्षा के महत्व को पहचानकर, व्यक्ति अपनी पूरी क्षमता को उजागर कर सकते हैं हम भावी पीढ़ी को प्रेरित कर राष्ट्र की उन्नति में योगदान दे सकते हैं।

हमे याद रखना चाहिए कि 'शिक्षा अनंत सम्भावनाओं को खोलने, और सभी के लिए उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है।'

बन्धुओं! आप सबके सहयोग व समन्वय से हम आगामी लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूर्ण करने की दिशा में अग्रसर हैं। वर्द्धमान परिवार में अधिकार शब्द अंग्रेजी के 'राईट' के अर्थ में प्रयुक्त नही होता, यहां इसका अर्थ सिर्फ 'कर्त्तव्य' माना गया है,पदाधिकारी का अर्थ- अधिक सर्मपित भाव से कार्य करने की जिम्मेदारी लेने वाला सदस्य है, भ्रमवश पदासीन व्यक्ति अंहकार न पालें कि हमने दूसरों से श्रेष्ठ कार्य कर लिया, बल्कि उन्हे सदैव दायित्वबोध का स्मरण रहना चाहिए। हमारे प्रतिष्ठित और प्रतिभावान सदस्यों को अपने आदर्श, अनुभव, त्याग, समर्पण भाव, कर्तव्यशीलता, लगनशीलता, ध्येय निष्ठ, ऊर्जावान, पुरूषार्थी, अपनत्व से ओतप्रोत होने के कारण विशिष्टता से पहचाना जाता है।

हौंसलों के आगे कोई परदा नहीं होता,
कड़े परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता,
दिल में जज्बा हो कुछ कर दिखाने का,
तो जलते दिये को भी आंधियों का डर नहीं होता।

जय हिन्द
जय महावीर



VARDHMAN : SHAPING THE LEADERS OF TOMORROW

Dr. R.C. Lodha | Principal
Vardhman College

"Do not follow where the path may lead. Go instead where there is no path and leave a trail", says Ralph Waldo. Leaders shape the destiny of unwired stories with vision holding millions of promises, orchestrating courage and public spirit.

Vardhman institute nurtures young minds, with nutrition of 3Ls – 'LEAVE', 'LEARN' and 'LEAD'. The first 'L' implies leaving those unscrupulous obstacles framed by our society and accepted by our minds. The second 'L' echoes the spirit of learning, a perpetual process of defining our limits in iota. The undeniable 'L', leading in order to take the steering in our hands and directing towards right direction.

Vardhman institute is determined to craft the leaders with budding children in Vardhman Roots, facilitating a brush of inquisitiveness and imagination to paint their canvas . In the nexus , Bhanwar Lal Gothi Public Sr. Sec. School and NAJ are powering our adolescents with zeal and vigour to persevere against the tides and towering their potential. At the helm of these, Shri Vardhman Kanya Mahavidyalaya, timbers young girls and aspire them to herald this era with their wisdom and vision. Furthermore, Khetpalia Skill Development Centre reinforces the idea of "Learn and Earn", empowering girls to be financially independent.
Our institute instills discipline, integrity ,humility , courage and co-operation in young girls fuelling jets of 21st Century–AN ASIAN CENTURY. We usher in multidisciplinary learning in our educational system roping our students into various facets of experiential learning. Our curriculum propels them towards leading the solutions to problem faced by mankind in realms of society, climate change and technology et al.

Our culture of professionalism and consensus oriented institutionalism surrogate germinating minds with perseverance, grit and patience in coherence with adherence to the tenets of leadership. In addition, we hold a vision of drawing leading chairs to women in the shoes of an Army General, in coat of a Chief Justice, in ink of RBI Governor and in Rashtrapati Bhawan.

Thus women are key drivers in establishing a rules based order , revitalizing dampened economy, reforming inequalities and restoring nature. The time is ripe for rewriting the statement of Virginia Woolf, " For most of the history, anonymous was a woman" and let us strive to rename this 21st century as Women's Century.

As per the study, women leaders bring diverse perspectives , innovative skills and holistic approach to the table. Their participation in leadership roles lead to more inclusivity in decision making, productivity and enhances efficiency. In Covid-19 pandemic, countries having women head of the state recorded less mortality. Moreover, women leaders are less likely to go for catastrophic war but with a deterrence towards its adversity as exemplified by Taiwan's erstwhile President , Tsai-Ing-Wen against China's assertiveness .

प्रगति के स्वर्णिम सोपान

माँ मरुधरा के हृदय हार अरावली पर्वतमाला की गोद में स्थित ब्यावर जिले में महिला शिक्षा की निरन्तरता हेतु श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के पुरोधा सदस्यों के द्वारा देखे गए स्वप्न को मूर्त रूप यह श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय शिक्षा जगत को वर्द्धमान शिक्षण समिति की अनुपम भेंट है। तत्कालीन पुरोधा समिति सदस्यों द्वारा स्थापित यह महाविद्यालय बीज स्वरुप से विशाल वृक्ष रूप अपने वर्तमान स्वरुप में शिक्षा के क्षेत्र में अप्रतिम उदाहरण है।

महिला उच्च शिक्षा व महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने हेतु ग्रामीण व अर्द्धग्रामीण क्षेत्रों तथा अन्य समीपवर्ती क्षेत्रों की बालिकाओं को उच्च शिक्षा की सुविधा को मितव्ययता के साथ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जुलाई 1995 से वाणिज्य संकाय तथा कला संकाय में अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, हिन्दी साहित्य, संस्कृत, गृह विज्ञान, भारतीय संगीत, अंग्रेजी साहित्य, जीवन विज्ञान व जैन दर्शन आदि वैकल्पिक विषयों के अध्ययन अध्यापन की समुचित एवं श्रेष्ठ व्यवस्था देने वाले प्रकल्प के रुप में श्री वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय की स्थापना की गई।

माँ मरुधरा व मरुधरा के दक्षिण भारत प्रवासी भामाशाहजनों के सहयोग से स्थापित यह महाविद्यालय अपने स्थापना वर्ष से ही म.द.स. विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त कर उत्तरोत्तर प्रगति के नये आयाम स्थापित कर रहा है। माँ सरस्वती की साधना स्थली पर इस महाविद्यालय की आधार शिला 22 नवम्बर, 1992 को तत्कालीन जिलाधीश अजमेर श्रीमती अदिति मेहता के कर कमलों द्वारा रखी गई।

महाविद्यालय भवन का उद्घाटन 1995 में तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री श्री ललितकिशोर चतुर्वेदी द्वारा किया गया। शिक्षा के विस्तार हेतु दृढ़ संकल्पित शिक्षण समिति द्वारा स्थापित इस संस्था की एक अन्य शाखा भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के रुप में प्रस्फुटित एवं पल्लवित हुई।

यह महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के सोपान पर अग्रसर होते हुए स्वर्णिम इतिहास का निर्माण कर अपने वर्तमान स्वरुप में ब्यावर नगर का शैक्षिक गौरव है।

ब्यावर क्षेत्र को बी.एससी. गृहविज्ञान विभाग की सुविधा प्रदान करने वाला यह एकमात्र महाविद्यालय है। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ने इस महाविद्यालय में सत्र 2007-08 में बी.एससी. गृह विज्ञान विभाग को स्थापना तथा सत्र 2009-10 में बी.सी.ए. विभाग की स्थापना के साथ तकनीकी एवं आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में नवीन आयाम स्थापित किए। व्यावसायिक एवं प्रबन्ध शिक्षा से छात्राएं वंचित न रह जाएं इस दृष्टि से सत्र 2010-11 बी.बी.ए. ब्लॉक का निर्माण किया गया।


छात्राओं में भूगोल विषय के प्रति रुचि को दृष्टिगत रखते हुए सत्र 2009-10 में भूगोल विषय भी अन्य वैकल्पिक विषय के रुप में प्रारम्भ किया गया। इसी प्रकार वर्तमान जगत में विज्ञान विषय के अध्ययन की आवश्यकता पूर्ति हेतु 2018-19 से बी.एससी (गणित) तथा सत्र 2019-20 से बी.एससी. जीव विज्ञान विभाग का शुभारम्भ किया गया।

छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय में एन.सी.सी., एन.एस.एस., रेड रिबन, रोवर रेंजर जैसे प्रकल्प का संचालन भी किया जा रहा है। साहित्यिक अभिरुचि की वृद्धि एवं साहित्य सृजन को प्रोत्साहन देने हेतु प्रतिवर्ष 'वर्द्धमान पत्रिका' का प्रकाशन किया जाता है।

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इस सूत्र को लक्ष्य बनाकर सत्र 2018-19 में वर्द्धमान स्पोर्ट्स एकेडमी का गठन किया गया। महाविद्यालय में एक आधुनिक एवं नवीनीकृत सुसज्जित सभागार का उद्घाटन 1 जून, 2019 को किया गया जो कि ब्यावर नगर में एकमात्र इसी महाविद्यालय में दृष्टव्य है।

इस महाविद्यालय की 46 छात्राओं ने म.द.स. विश्वविद्यालय की खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व करते हुए 2 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक व 5 कांस्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस वर्ष आयोजित इन्टर कॉलेज प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय एवं नगर का मान बढ़ाया। इसी तरह हॉकी प्रतियोगिताओं में 2 छात्राओं ने विश्वविद्यालय की टीम में स्थान बनाया। शैक्षणिक उपलब्धियों के अन्तर्गत महाविद्यालय की 36 छात्राओं ने विगत 25 वर्षों में विभिन्न संकायों की मेरिट में स्थान बनाया जिसमें 6 छात्रायें विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान पर रही।

प्रगति के सोपान पर अपने भागीरथ प्रयासों से शीर्ष पर पहुँचते हुए सत्र 2019-20 में यह महाविद्यालय स्नातक से स्नातकोत्तर महाविद्यालय में परिवर्तित हो गया है। इसी सत्र से कला वर्ग में इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र तथा वाणिज्य वर्ग में लेखा एवं वित्त में स्नातकोत्तर स्तर पर अध्ययन एवं अध्यापन कार्य प्रारम्भ हो चुका है। अस्तु वर्तमान में अपने मूर्त स्वरुप को प्राप्त हमारी शिक्षण समिति का यह स्वर्णिम प्रयास श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय सरस्वती की उपासना में समर्पित पुष्पांजलि है। इतिहास अमर है, जिसका अस्तित्व इस जगत में अमिट रहा है। इसी इतिहास के आधार पर अतीत की अभिव्यक्ति को शब्दों के माध्यम से प्रस्तुत करने के प्रयास स्वरूप इस स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा जो आने वाले समय में समिति की खूबसूरत दस्तावेज पेश करेगी।



अगर आप समय को बर्बाद कर देते हैं,
तो समय आपको बर्बाद कर देता है।

नव अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी चुनाव प्रक्रिया : 2025-2027



नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील खेतपालिया
के निर्विरोध मनोनयन के बाद स्वागत करते
पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल नाबरिया,
मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, समिति सदस्य एवं प्रबुद्धजन।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील खेतपालिया मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख एवं पदाधिकारियों का अभिनंदन











उद्योगपति पंकज शाह का बहुमान

प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी पंकज शाह (पी जी फाइल्स, पिपलिया कला) की धर्मसहायिका तपस्विनी श्रीमती मंजू जी शाह के 36 उपवास की अनुमोदना करते हुए श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के पदाधिकारियों ने माला, साफा, उपरणा, स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का बहुमान किया। इस अवसर पर मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, एम गौतमचंद बोहरा (चेन्नई), देवराज लोढा, सुनील ओस्तवाल, शांतिलाल नाबरिया, अरविंद मूथा, दीपचंद कोठारी, प्रवीण खेतपालिया, प्रकाश चंद गदिया, विशाल नाहटा (चेन्नई), रमेश यादव आदि उपस्थित रहे।













महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महासचिव का वर्द्धमान परिवार ने किया बहुमान

महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन दिल्ली, महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के अंतर्राष्ट्रीय महासचिव श्री सोहनलाल वैद्य बालाघाट छत्तीसगढ़ का ब्यावर के वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज परिसर में आगमन पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख एवं प्रबंधकारिणी सदस्य दीपचंद कोठारी, सम्पत राज छल्लाणी, चंदू लाल कोठारी, उत्तम चंद देरासरिया, रमेश चन्द मेडतवाल, पदम बिनायकिया, रतन प्रकाश कोठारी, धनपत राज श्री श्रीमाल ने माला, एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर बहुमान किया।



वर्द्धमान परिसर में कोठारी विंग का हुआ शिलान्यास









श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थान में सतत् भौतिक विकास के क्रम में श्री वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय परिसर में एक बहुमंजिला नई बिल्डिंग कोठारी विंग का शिलान्यास वैदिक मंत्रोच्चार एवं नवकार मंत्र के जाप के साथ किया गया। इस भव्य भवन का नव निर्माण भामाशाह उगमचंद जी कमलेश कुमार जी कोठारी (ब्यावर/चेन्नई) के अर्थ सहयोग द्वारा किया जाएगा। बारिश की रिमझिम बूंदों के शुभ शगुन के साथ महाविद्यालय के व्याख्याता पं. पंकज शर्मा ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश कुमार कोठारी का मंगल तिलक लगाकर एवं स्वस्ति वाचन कर अभिनंदन किया।

वर्द्धमान को मिला प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड











महिला शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, आधुनिक सुविधाओं, कौशल विकास केंद्रित शैक्षणिक दृष्टिकोण तथा न्यूनतम शुल्क पर उच्च शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध करवाने जैसे क्षेत्र में विलक्षण उपलब्धियों के लिए श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख को दैनिक भास्कर समूह द्वारा दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड से नवाजा गया। डॉ नरेंद्र पारख ने अपनी धर्म सहायिका शशि पारख के साथ यह अवॉर्ड प्राप्त किया। अवॉर्ड लेकर ब्यावर लौटने पर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने डॉ पारख का अभिनन्दन किया।

वक्त की चादर को फेंक कर आगे बढ़ो,
सपनों की ऊँचाइयों को छूने का वक्त आ गया है।



भामाशाह एवं श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुनील खेतपालिया को लंदन के ब्रिटिश पार्लियामेंट के कॉमन हाऊस में भारत गौरव सम्मान से विभूषित किया गया।



राजस्थान के राज्यपाल श्री हरिभाऊ राव बागड़े का अभिनंदन





समिति कोषाध्यक्ष देवराज लोढ़ा को इंदौर में मिला राष्ट्रीय सम्मान

ब्यावर नगर के समाज सेवी वरिष्ठ श्रावक श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष श्री देवराज लोढ़ा का 02 नवम्बर 2025 को मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में चातुर्मास हेतु प्रवास कर रहे जैन समाज के वरिष्ठ संत श्रुत मुनि सा.प्रमोद मुनि सा,राजेश मुनि सा, महा साध्वी रमणीक कुंवर जी,साध्वी कल्पलता जी,साध्वी रश्मि श्री जी की पावन निश्रा में श्री वर्धमान श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वाधान में जन्म दीक्षा जयंती गुणानुवाद समारोह में श्री जैन दिवाकर गुरु प्रताप रमेश राष्ट्रीय अवार्ड एवम श्री जैन दिवाकर गुरु मोहन राष्ट्रीय अवार्ड नवाजा गया।



श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति को मिला अंतर्राष्ट्रीय मानक दर्जा

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति को मिला अंतर्राष्ट्रीय ऑस्ट्रेलियन पुरस्कार



समय इंसान को सफल नहीं बनाता, बल्कि समय का सही इस्तेमाल इंसान को सफल बनाता है.!!



वर्तमान को आगे बढ़ाता वर्द्धमान

वक्त एक सीधी रेखा नहीं है–यह दौड़ता है, धड़कता है, दिशा बदलता है और जिस समाज में साहस हो, वहाँ यह विकास बन जाता है।....और यही साहस पिछले कई वर्षों से वर्द्धमान ग्रुप की पहचान है।

सामान्य संस्थान अपने संसाधनों से बढ़ते हैं, पर असाधारण संस्थान अपने विज़न से इसी कड़ी में वर्द्धमान का विज़न हमेशा रहा है–शिक्षा केवल पढ़ाई नहीं, बल्कि भविष्य की तैयारी है।

आज जब शिक्षा बाज़ार की भीड़ में नारे बनकर रह गई है, तब वर्द्धमान ग्रुप ने शिक्षा को फिर से मूल्य, संस्कार, और प्रतिस्पर्धी क्षमता का संगम बनाया है। यह ग्रुप सिर्फ विद्यालय या महाविद्यालय नहीं चलाता–यह मानसिकता गढ़ता है, सपनों को आकार देता है और समय की चुनौती को अवसर में बदलना सिखाता है।

श्री वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय–यह सिर्फ कन्याशिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का स्तंभ है। यहाँ से निकली हर छात्रा अपने भीतर आत्मविश्वास का नया भूगोल लेकर निकलती है।

भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल–अनुशासन, आधुनिकता और गुणवत्ता की एक ऐसी तिकड़ी, जिसे देखकर समझ में आता है कि शिक्षा कैसी होनी चाहिए।

वर्द्धमान फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट इंस्टीट्यूट–यह वह जगह है जहाँ कला, कौशल और करियर एक ही दरवाज़े से भविष्य की ओर कदम बढ़ाते हैं। यह संस्थान उन युवाओं के लिए उछाल है जिन्हें अवसर चाहिए, मंच चाहिए और पहचान चाहिए।

वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल और वर्द्धमान रूट्स–ये दोनों संस्थान आधुनिक वैश्विक शिक्षा के प्रतीक हैं। दुनिया बदल रही है और ये संस्थान बच्चों को सिर्फ पढ़ाते नहीं, बल्कि दुनिया से बातचीत करना सिखाते हैं।

.... और श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ–समाज, संस्कृति और समर्पण की परंपरा को आधुनिक शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ाने का अद्भुत केंद्र। यह संस्था बताती है कि परंपरा और प्रगति साथ चलें तो परिणाम 'उत्कृष्ट' होता है।

वर्तमान के साथ आगे बढ़ना आसान नहीं होता। वक्त कभी धीमा बहता है, कभी तेज़ बहाव में आपको परीक्षा में डाल देता है। पर वर्द्धमान ग्रुप ने हमेशा वक्त को दिशा दी है–राह नहीं पूछी। इसलिए आज यह पूरा समूह केवल संस्थानों का समुच्चय नहीं, बल्कि विचार, विश्वास और विकास की जीवित परंपरा है।

मैं वर्द्धमान परिवार को हृदय से शुभकामनाएँ देता हूँ कि आपकी यह यात्रा! केवल समय के साथ न चले, बल्कि समय से एक कदम आगे रहे, क्योंकि वक्त दौड़ता है और वर्द्धमान उसे दिशा देता है।

शुभेच्छु

सुरेन्द्र चतुर्वेदी

चैनल हैड 'बात आज की'

अनुमोदना...

गोठी स्कूल में पढ़ी मुमुक्षु चिंकी कावड़िया का बहुमान



जवाहर भवन में आयोजित कार्यक्रम में किया बहुमान
वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा भेंट किया अभिनंदन पत्र











गोठी स्कूल में पढ़े मुमुक्षु आयुष कोठारी का बहुमान

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा से सीनियर सेकंडरी(2017) तक पढ़े मुमुक्षु आयुष कोठारी का श्री वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय परिसर के वर्द्धमान मैनेजमेंट चेंबर में आयोजित कार्यक्रम में बहुमान करके अभिनन्दन पत्र भेंट किया।



76th गणतंत्र दिवस

हर्ष-उल्लास के साथ मनाया









श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी.महाविद्यालय,भंवर लाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ, वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल ने देश के 76 वें गणतंत्र दिवस को बड़े ही हर्ष-उल्लास से मनाया। मुख्य समारोह से पूर्व समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान के परिसर में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया । इसके पश्चात वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज केम्पस में समिति के समस्त शिक्षण संस्थान का संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें समिति के आगंतुक पदाधिकारियों एवं सदस्यों का स्कूल की बेंड द्वारा अभिवादन किया गया। समिति के अध्यक्ष श्री शांतिलाल नाबरिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर ध्वजारोहण किया एवं अपना प्रेरक उद्‌बोधन दिया।

79th स्वतंत्रता दिवस

पर गूंजे देशभक्ति के तराने









श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित समस्त शैक्षणिक इकाईयों.. श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय, बी. एल.गोठी पब्लिक सी. सै. स्कूल, वर्द्धमान इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग एवं मेकअप आर्टिस्ट, वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल एवं श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ (नाज) द्वारा संयुक्त रूप से 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह वर्द्धमान महाविद्यालय प्रांगण में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सुनील जी खेतपालिया नव-अध्यक्ष श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष दीपचंद लुणिया, चैन्नई, मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढ़ा ने सैकड़ो छात्र-छात्राओं एवं समस्त संकाय सदस्यों की मौजूदगी में जन गण मन की मधुर स्वर लहरियों के बीच ध्वजारोहण किया एवं मार्चपास्ट की सलामी ली।

जो सीखने का जुनून रखता है,
वही सफलता की ऊंचाई छूता है।







पद्मश्री सी. पी. देवल एवं ख्यातनाम साहित्यकारों से सजा वर्द्धमान सभागार

भारतीय सांस्कृतिक निधि (इन्टैक अध्याय ब्यावर) के तत्वावधान में वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय के सभागार में आयोजित साहित्य मंच में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त राजस्थानी भाषा के साहित्यकार पद्मश्री से विभूषित सी पी देवल , प्रसिद्ध कथाकार सुमेरसिंह राजावत डिजिटल यू ट्यूबर साहित्यकार डॉ. नरेन्द्रसिंह आनन्द, प्रसिद्ध ब्लॉगर, लेखक, ग़ज़लकार सुरेन्द्र चतुर्वेदी एवं प्रमुख कलमकार, चिन्तक रामप्रसाद कुमावत ने शिरकत की।







श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय

सम्बद्धता : महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर
संचालित : श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति (रजि.), ब्यावर (ISO 9001-2015 प्रमाणित संस्थान)

विज़न

बालिकाओं एवं महिलाओं में शिक्षा के माध्यम से स्वाभाविक प्रतिभा को सशक्त एवं सम्मानित स्तर तक तैयार कर मानव जाति के सतत् विकास के मार्ग को प्रशस्त करता है।

मिशन

महिला रूचि कार्यक्रमों का संचालन करना जो 'मनुष्य तथा शैक्षिक' उत्कृष्टता के सहजीवी उद्भव को 'सफल नागरिक व जीविकोपार्जन की दिशा में सतत् वृद्धि को प्रासंगिक करते हैं।

उद्देश्य

बालिका एवं महिला केन्द्रित लैंगिक अवधारणा के सिद्धांत को मात्र शैक्षिक उन्नति तक ही सीमित नहीं कर हमारा ध्येय निम्न सभी पर है।

- लैंगिक सशक्तिकरण
- लैंगिक समानता
- समग्र विकास
- आर्थिक सशक्तिकरण
- सामाजिक विकास
- संसाधन समृद्धिकरण
- सांस्कृतिक विरासत संरक्षण
- प्राकृतिक विरासत संरक्षण

स्थायी मान्यता

आयुक्तालय कॉलेज (उच्च शिक्षा) राजस्थान सरकार, जयपुर



शिक्षा और समय के महत्व को जो विद्यार्थी समझ लेता है
उसे दुनिया की कोई ताकत सफल होने से नहीं रोक पाती है ।

महाविद्यालय की शक्ति



शैक्षणिक संकाय सदस्य



गैर शैक्षणिक संकाय सदस्य

महाविद्यालय स्टाफ सिर्फ शिक्षा प्रदान कराने में सहयोगी नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों की जरूरतों में भी सहायक बनते हैं। महाविद्यालय परिसर की हर छोटी-बड़ी वस्तुओं की देखभाल से लेकर उनके व्यवस्थित रहने तक की जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हैं। महाविद्यालय की टीम इस महत्वपूर्ण कार्य को सुव्यवस्थित तरीके से कर रही है।



महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता आज के समय की अनिवार्यता

डॉ. नीलम लोढा | अकादमिक प्रभारी
श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी.महाविद्यालय, ब्यावर

वित्तीय स्वतंत्रता केवल आर्थिक स्थिरता का पर्याय नही है, यह एक ऐसी आंतरिक शक्ति है जो किसी व्यक्ति की सम्पूर्ण पहचान, उसकी आकांक्षाओं और उसके अस्तित्व को दिशा ही नही अपितु एक ऐसा आधार देती है जिसके बिना समानता, सम्मान और आत्मनिर्णय केवल शब्दों की सजावट बनकर रह जाते हैं।

जब एक महिला अपनी कमाई से अपने जीवन का संचालन करती है, तो उसके भीतर एक शांत पर दृढ आत्मविश्वास जन्म लेता है। यह आत्मविश्वास उसे अपनी प्राथमिकताए तय करने, अपने सपनों को आकार देने और कठिन परिस्थितियों में भी पीछे न हटने की क्षमता देती है। आर्थिक रूप से सक्षम महिला किसी भी संबंध में अनुग्रह के कारण नही रहती बल्कि वह इसलिए रहती है क्योंकि वह चुनती है। यही चुनाव की शक्ति आत्मसम्मान का वास्तविक केन्द्र है।

जैसे-जैसे भारतीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ रही है, परिणामस्वरूप भारत के सकल घरेलू उत्पाद में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। देश वैश्विक आर्थिक नेतृत्व में अपनी आकांक्षाओं की ओर अग्रसर हो रहा है। महिलाओं का वित्तीय सशक्तिकरण केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि ही नहीं है, यह एक राष्ट्रीय अनिवार्यता भी है। एक आर्थिक रूप से स्वतंत्र महिला आर्थिक विकास में योगदान देती है, पारिवारिक स्थिरता को मजबूत करती है और पीढी दर पीढी प्रगति को बढावा देती है। हर्की की संस्थापक और सी.ई.ओ. नेहा बागरिया कहती है 'आर्थिक रूप से स्वतंत्र महिला बदलाव की एक ताकत रखती है, विकास को गति देती है, नीतियाँ बनाती है और उद्योगों का नेतृत्व करती है। जब महिलाओं का अपने पैसों पर नियंत्रण होता है, तो निर्णय लेने में उनकी आवाज ज्यादा मुखर होती है, चाहे वह उनके अपने घर में हो, बोर्डरूम में हो या सरकार में।'

डिजिटल अर्थव्यवस्था के उदय ने महिलाओं के लिए अवसरों में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है, जिससे व्यवसाय शुरू करना और उसका विस्तार करना पहले से कहीं अधिक आसान हो गया है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, ई-कॉमर्स और सोशल मीडिया मार्केटिंग ने प्रवेश की पारंपरिक बाधाओं को कम कर दिया है, जिससे महिलाएँ अपने घर बैठे आसानी से सफल उद्यम स्थापित कर सकती है-चाहे स्वरोजगार के काम हो, सीधे उपभोक्ता ब्रांड हो, या तकनीक-संचालित स्टार्टअप। डिजिटल उपकरण महिलाओं को पेशेवर महत्वकांक्षाओं और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने की सुविधा प्रदान करते है, जिससे वित्तीय स्वतंत्रता की ओर उनकी यात्रा तेज होती है। वित्तीय स्वतंत्रता किसी अलंकरण की तरह जोडी जाने वाली सुविधा नही है, यह वह मूलाधार है जिस पर महिला अपनी पहचान, अपने सपनों और अपने जीवन की सम्पूर्ण स्थिरता का निर्माण करती है। जब एक स्त्री आर्थिक रूप से सक्षम होती है, तो वह केवल अपना जीवन ही नहीं बदलती वह अपने आस-पास की दुनिया के लिए नई संभावनाओं के द्वार भी खोलती है।

यह स्वतंत्रता उसे वह आवाज देती है जिसे कोई दबा नही सकता, ऐसे निर्णय लेने योग्य बनाती है जिन्हे कोई चुनौती नही दे सकता और वह सम्मान प्रदान करती है जिसे कोई छीन नही सकता। इस सत्य को प्रस्तुत कथन के माध्यम से समझा जा सकता है- 'आजादी का पहला कदम आत्मनिर्भरता हैं, और जब स्त्री आर्थिक रूप से स्वतंत्र होती है, तभी उसकी स्वतंत्रता सम्पूर्ण होती है।'

दशकों से महिलाओं ने अनेक क्षेत्रों में अपनी भूमिका का निर्वहन सुचारू रूप से किया है जैसे- देख-भाल कर्ता, पेशेवर उद्यमी और निर्णयकर्ता। गृहिणी के रूप में भी उन्होंने घरेलू बजट बनाने में महारत हासिल की है, हर प्रकार से पेसों का सदुपयोग किया है और अपने परिवारों के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित की है फिर भी, जब बात अपने लिए निवेश करने की आती है, तो कई महिलाएं अभी भी पीछे रह जाती है।

सपना हुआ साकार... एन.सी.सी. गर्ल्स बटालियन की मिली सौगात







वर्द्धमान कॉलेज में ब्यावर जिले की प्रथम एनसीसी गर्ल्स बटालियन यूनिट की स्थापना
एनसीसी कार्यालय का विधिवत मंत्रोच्चारण से हुआ उद्घाटन सत्र 2025-26 की भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न



बेस्ट फैकल्टी ऑफ द ईयर 2025 की घोषणा

श्री वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर सी लोढा ने शिक्षण और शैक्षणिक विकास में उत्कृष्ट योगदान हेतु शिक्षण अधिगम, प्रभावशीलता, आउटरीच गतिविधियों, नवाचार जैसे मापदंडो के आधार पर बेस्ट फैकल्टी ऑफ द ईयर-2025 के लिए बीसीए विभागाध्यक्ष नवीन देवड़ा और लवीना ज्ञानचंदानी व्याख्याता राजनीति विज्ञान के नामों की घोषणा कर उन्हें प्रमाण-पत्र, स्मृति चिन्ह एवं नगद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया।

वर्द्धमान कॉलेज में रक्तदान शिविर

रक्तदान कर जीवन दान देने का दिया संदेश, छात्राओं ने दिखाया जोश, 23 यूनिट ब्लड किया डोनेट





